प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 07.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**
1–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया–उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' एक मंत्र, ऊर्जा, स्वप्न और भारत–माता के प्रति एक संकल्प है।

2–राज्य के विभिन्न जिलों में भी इस अवसर पर हुए अनेक कार्यक्रम–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया।

3–प्रदेश में जीएसटी रिटर्न के भुगतान के लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई की सुविधा लागू की गई।

4– गरियाबंद जिले में सैंतीस लाख रूपए के सात इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

**प्रधानमंत्री–वंदे मातरम्**

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने **'वंदे मातरम् एक सौ पचास डॉट इन'** पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डालकर प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

**वंदे मातरम का मूल भाव है। भारत मां भारती भारत की शाश्वत संकल्पना वह संकल्पना जिसने मानवता के प्रथम पहर से खुद को गढना शुरू कर दिया जिसने युगों–युगों को एक–एक अध्याय के रूप में पढ़ा शून्य से शिखर तक उनकी यात्रा और शिखर से पुनः शून्य में उनका विलय भारत ने यह सब कुछ देखा है।**

**'वंदे मातरम्'–छत्तीसगढ़**

---

'वंदे मातरम्' राष्ट्रगीत की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज देशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक दिन को छत्तीसगढ़ में भी उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय 'वंदे मातरम्' की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आयोजित स्मरणोत्सव में भी वर्चुअली शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्‌बोधन सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत मातृभूमि के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और राष्ट्रधर्म की भावना का प्रतीक है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में 'वंदे मातरम्' की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया।

वहीं, राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका की मौजूदगी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री का उद्‌बोधन भी सुना।

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर में भी राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया।

इसी तरह, प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज 'वंदे मातरम्' की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" का सामूहिक गायन किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट–आवारा पशु

---

उच्चतम न्यायालय ने लावारिस कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से लावारिस मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए आज कई दिशा–निर्देश जारी किए।

उच्चतम न्यायालय ने प्रत्येक शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण निमय, दो हजार तेईस के अंतर्गत स्थानीय नगर निकायों से ऐसे जगहों से पशुओं को नियमित रूप से उठाकर आवश्यक टीकाकरण और नसबंदी के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों पर भेजने को कहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं। अन्यथा ये अधिकारी इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

## जीएसटी रिटर्न–ऑनलाइन भुगतान

प्रदेश में राज्य जीएसटी और कोष लेखा विभाग द्वारा जीएसटी रिटर्न के भुगतान के लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई की सुविधा लागू कर दी गई है। इस सुविधा की मांग व्यापारियों द्वारा काफी समय से की जा रही थी।
अब तक करदाताओं के लिए केवल नेट बैंकिंग और ओटीसी भुगतान के विकल्प ही उपलब्ध थे। इससे कई बार छोटे व्यापारियों और नए करदाताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बैंकों के जीएसटी पोर्टल से जुड़े न होने के कारण भुगतान करना संभव नहीं होता था।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

---

गरियाबंद जिले में आज सात माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन माओवादियों ने हथियार के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इन सभी माओवादियों पर कुल सैंतीस लाख रूपए का नाम घोषित था।

## 'मेक इन सिलिकॉन'–संगोष्ठी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान–ट्रिपल आईटी के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय 'मेक इन सिलिकॉन' संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस संगोष्ठी में देशभर से आए विशेषज्ञ, शिक्षाविद और प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत को सेमीकंडक्टर निर्माण और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम को उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भी संबोधित किया।

## स्काउट्स और गाइड्स भवन–भूमिपूजन

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आज रायपुर स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय परिसर में भारत स्काउट्स और गाइड्स के राज्य मुख्यालय भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में स्काउट्स और गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा ने स्काउट और गाइड आंदोलन के उद्देश्यों और युवा सशक्तिकरण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

## आकांक्षा सत्यवंशी–स्वागत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथैरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी का आज रायपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विमानतल से शहर पहुंचने के दौरान मरीन ड्राईव सहित जगह–जगह पर लोगों ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि हाल ही में भारत की महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर विश्वकप जीता है।

आकांक्षा सत्यवंशी प्रदेश के कवर्धा जिले की रहने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें राज्य सरकार की ओर से दस लाख रूपए की सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

## बातों–बातों–में

बस्तर ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी हैं। इसके बाद जिला स्तर और फिर संभाग स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **बस्तर ओलंपिक पर** केंद्रित रहेगा। इसके तहत राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस भेंटवार्ता का प्रसारण कल आठ नवंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## सुलक्षणा पंडित–निधन

भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री और पार्श्व गायिका सुलक्षणा पंडित का कल मुंबई में निधन हो गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सुलक्षणा पंडित के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगीत और अभिनय की उनकी यात्रा की जड़ें छत्तीसगढ़ के रायगढ़ की उस सांस्कृतिक मिट्टी से जुड़ी थीं, जहां संगीत एक परंपरा नहीं एक जीवनधारा है। रायगढ़ में जन्मी

सुलक्षणा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रायगढ़ में प्राप्त की थी। उनके पिता प्रताप नारायण पंडित, राजा चक्रधर सिंह के दरबार के प्रसिद्ध तबला वादक थे।

## मौसम

## पेश है मौसम का हाल...

प्रदेश में अगले दो–तीन दिनों में ठंड बढ़ने के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन होने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस के आसपास गिरावट हो सकती है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया।

–उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में कल से आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में शामिल होंगे।

–राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए सार्वजनिक तथा ऐच्छिक अवकाश की सूची जारी कर दी है।

–छत्तीसगढ़ योग आयोग ने विभिन्न छात्रावास और आश्रमों में अस्थायी सेवा के लिए एक सौ आठ योग प्रशिक्षकों और तीन योग विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए पन्द्रह नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>